प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अल्यूमनी मीट का आयोजन

पन्तनगर। 26 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एक अल्यूमनी मीट एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'सामुदायिक विज्ञान/गृह विज्ञान का उभरते हुए उद्यमिता विकास हेतुः वैश्विक मार्ग दर्शन' था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी। डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय एवं डा. छाया शुक्ला, सह प्रध्यापक, संसाधन प्रबन्धन और उपभोक्ता विज्ञान द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अल्का गोयल, थी। डा. ममता श्रीवास्वत, उपनिदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली, ने सामुदायिक विज्ञान/गृह विज्ञान शिक्षा का उद्यमिता विकास एवं वैश्विक परिवेश में गृह विज्ञान शिक्षा के योगदान के बारे में बताया। डा. मुक्ता वोहरा, वरिष्ठ सलाहाकार डाइटिशियन, बरेली ने विस्तार पूर्वक डाइटिशियन के कार्यक्षेत्रों के बारे में बताया एवं डा. विनिता कपूर, मनोरोग विशेषज्ञ, सभागम मानसिक स्वास्थ्य एवं सलाह केन्द्र, हल्द्वानी ने मोबाईल से बच्चो के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया एवं अभिभावकों को भी बच्चों में मोबाईल की लत को समाप्त करने के बारे में अवगत कराया।

इस कार्यक्रम में 1978–79 के पूर्व छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में कुल 147 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अन्त में डा. सोनू रानी, सचिव, छात्र संवर्धन संस्था, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. रागिनी मिश्रा, डा. संध्या रानी, डा. पूजा टम्टा आदि भी उपस्थित रहे।




*कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं के साथ अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**